तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

14 भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया पदभार...



14 रजत जयंती पर जल संरक्षण का जनआंदोलन..





## कार्रवाई : हरिभूमि में समाचार प्रकाशन के बाद मचा हडकंप, गड़बड़ी की शुरू हुई जाँच

# नगरपालिका की बिना परमिशन के दुकान के स्वरूप को बदलने वाले को सीएमओ ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

दो साल पहले नए बस स्टैंड में 13 दुकान की नीलामी को इतना गुपचुप ढंग से किया गया, जिसके चलते केवल 21 बोलीदार शामिल हुए, इसमें 13 बोलीदार उस कार्यकाल के पार्षद के रिश्तेदार एवं पूर्व पार्षद या उनके परिजन नाम के शामिल हुए। इस मामले की जाँच कर दिए जाने पर बड़े झोल का खुलासा सामने आ सकता है। इसमें एक दुकान के स्वरूप को बदले जाने का मामला हरिभूमि के माध्यम से प्रकाश में लाए जाने के बाद इसकी परते खुलने लगी है। दुकान के स्वरूप को बदलने वाले को सीएमओ नगरपालिका ने समाचार प्रकाशन के बाद नोटिस थमाया है। जानकारी के अनुसार दो साल पहले नए बस स्टैंड में 13 दुकान जिसमें 06 नया बाजार डोम के नजदीक नए बस स्टैंड के पास स्थित दुकान और 07 दुकान नया बाजार में पानी टंकी के पास स्थित दुकानों के निविदा के लिए तृतीय सूचना 25 जुलाई 2023 को एक समाचार पत्र में निविदा का प्रकाशन करवाया गया। इसके उपरांत बोली में केवल 21 बोलीदार शामिल हो रहे है, इनमें अधिकतम नगरपालिका में कार्यरत ठेकेदार, पूर्व पार्षद, पार्षद के रिश्तेदार शामिल हुए और 06 दुकानों की प्रीमियम राशि 6-6 लाख थी, उसमें से केवल एक लाख ज्यादा की बोली लगभग 7-7 लाख में बोली फायनल हो ▶▶| शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- सीएमओ ने नोटिस देकर जवाब किया तलब
- दो साल पहले नए बस स्टैंड में दुकान की नीलामी पर खड़े हुए सवाल, जाँच में हो सकता है बड़ा खुलासा



नगरपालिका की दुकानों से खिलवाड़, नियमों को तोड़ने का खेल जारी

नए बस स्टैंड की दुकानों की दीवार तोड़कर बदला जा रहा स्वरूप पर जिम्मेदार हैं मौन

नगरपालिका सीएमओ का कहना है कि संबंधित को जारी किया जाएगा नोटिस


### दो दुकानों को एक करने की कोशिश

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए बस स्टैंड के पास 6 दुकानों में पहली और दूसरी दुकान की अलग कहानी है। इसमें एक दुकान का स्वरूप बदलते हुए सामने की दीवार को तोड़ दिया गया है और शटर लगाने की तैयारी है। शायद शटर लगने के बाद अब दूसरी और पहली दुकान के बीच की दीवार को तोड़कर एक दुकान करने का प्रयास हो सकता है। सामने शटर लगाकर दुकान चलाने पर नए बस स्टैंड में जाने के लिए यातायात भी प्रभावित होगा।



### जारी किया गया नोटिस

नगरपालिका के सीएमओ पवन मेरिया का कहना है कि दुकान के स्वरूप को बदलने वाले को नोटिस दिया गया है। नया बस स्टैंड में नया बाजार के पास दुकान कमांक 01 में आपके नाम आसिफ खान से आबंटित किया गया है।



आपके द्वारा परिषद् से अनुमति लिए बिना ही दुकान में निर्माण कार्य किया जा रहा हैं एवं दुकान के मूल स्वरूप में परिवर्तन किया जा रहा है जो कि अनुबंध के कंडिका 06 का उलंधन हैं। इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि आप उपरोक्त निर्माण कार्य बंद कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। अन्यथा आपका दुकान आंबटन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आसिफ खान की होगी।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस की तैयारी का कलेक्टर ने लिया जायजा



**कांकेर।** जिला मुख्यालय के शासकीय पीएमश्री नरहरदेव उमावि परिसर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी की जा ही है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने 21 जनवरी को स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अरूण वर्मा सहित पीडब्ल्यूडी, विद्युत मण्डल, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, नगर पालिका, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### मावलीपरा में छात्राओं की दी गई निशुल्क सायकिलें



**बासनवाही।** शासकीय हाई स्कूल मावलीपरा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया। शाला प्रबंध विकास समिति के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने प्रेरित किया। उपाध्यक्ष संतोषी साहू ने कहा कि शासन की यह योजना छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने में अत्यंत उपयोगी है। कार्यक्रम में प्राचार्य, सदस्यगण, लक्ष्मी अग्रवाल, पालकगण तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर चालक की लापरवाही का हुआ खुलासा, मामला दर्ज



**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 73 के पास ट्रैक्टर के पलट जाने से युवक का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक बांदे थानांतर्गत जबेली निवासी 30 वर्षीय किशोर एक्का पिता इग्नेश एक्का 28 दिसंबर को शाम करीबन 6 बजें पीव्ही 73 के आगे रोड ढलान में ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 8092 के चालक जबेली निवासी नंदकुमार पिता गबरेल साय के द्वारा ट्रैक्टर को लापरवाही ढंग से चलाने से ट्रैक्टर पलटी होने से ट्रैक्टर में दब कर मृतक किशोर एक्का की मौत हुई है तथा ट्रैक्टर के ऊपर बैठे कबीर दुग्गा को चोंटे आई है। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 8092 के चालक नंदकुमार साय के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जिला स्तरीय पंडुम का आयोजन 28 को होगा

**कांकेर।** स्थानीय कला एवं सांस्कृतिक परंपरा से परिपूर्ण बस्तर अंचल के लोक गीत, संगीत, नाटक, व्यंजन, पेय पदार्थों के संरक्षण व संवर्धन तथा कला समूहों के सतत विकास और जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बस्तर पण्डूम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 जनवरी को जिला मुख्यालय कांकेर के गोंडवाना भवन भीरावाही में बस्तर पण्डूम के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आदिवासी संस्कृति कला, परंपरा, गीत-संगीत, नृत्य की अनुपम झलक देखने को मिलेगी। जिला स्तरीय बस्तर पण्डूम के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## वेल्डिंग दुकान पर विवाद हुआ हिंसक दो लोग घायल और मोबाइल भी टूटा



**कांकेर।** शहर कांकेर में एक पुराने लेन-देन और कार्यस्थल विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। सेन चौक के पास 21 जनवरी को हुई इस घटना में एक युवक के द्वारा अपने दुकान मालिक पर लोहे के पाइप से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ितों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय सुजीत शर्मा उर्फ सुजीत विश्वकर्मा निवासी बरदेभाटा ने पुलिस को बताया कि मैं शैलेन्द्र सिंह की वेल्डिंग दुकान में काम करता हूँ। शिकायतकर्ता ने बताया कि करीब एक माह पूर्व त्रिलोक यादव उर्फ किशन यादव निवासी आमापारा, जो पहले इसी वेल्डिंग दुकान में काम करता था, दुकान से वेल्डिंग मशीन और कटर मशीन बिना बताए ले गया था। लंबे समय से मशीनें वापिस नहीं करने पर 21 जनवरी को शैलेन्द्र सिंह ने सुजीत के मोबाइल से त्रिलोक यादव से बात करते हुए मशीनें वापस लाने को कहा। बातचीत के बाद आरोपी ने फोन काट दिया। शिकायतकर्ता अपने दुकान के स्टाप संदीप देवांगन के साथ मोटर सायकल से बरदेभाटा से मिनी बायपास होते हुए दोपहर को लगभग डेढ़ बजे सेन चौक पहुँचे थे। सेन चौक के पास त्रिलोक यादव ▶▶| शेष पेज 12 पर



## प्रयागराज में शंकराचार्य के अपमान पर कांग्रेस ने भाजपा पर किया तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

तीर्थराज प्रयागराज के माघ मेले में इस बार भक्ति और श्रद्धा के साथ-साथ आक्रोश की ज्वाला भी प्रज्वलित हो उठी है। ज्योतिष पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को मौनी अमावस्या के शाही स्नान से रोके जाने और उनके समर्थकों के साथ कथित पुलिसिया बदसलूकी ने देश की राजनीति में हलचल मचा दी है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने राजीव भवन कांकेर में मीडिया से रूबरू होते हुए सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिस परंपरा को न मुगल रोक सके और न अंग्रेज, उसे रोकने का दुस्साहस भाजपा की सरकार ने किया है। उन्होंने सामने आई तस्वीरों और विवरणों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने शंकराचार्य के शिष्यों और समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार किया, उन्हें बाल पकड़कर घसीटा गया और मारपीट की गई। इस कथित अपमान के विरोध में जगद्गुरु शंकराचार्य पिछले 36 घंटे से अधिक समय से अनशन पर बैठे हुए हैं। कांग्रेस ने सरकार की संवेदनहीनता पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश के इतने बड़े आध्यात्मिक गुरु के अनशन पर होने के बावजूद सरकार या प्रशासन का कोई भी प्रतिनिधि उनसे संवाद करने नहीं पहुँचा।

विवाद की जड़ उस परंपरा से जुड़ी है, जिसका निर्वहन शंकराचार्य पिछले चार दशकों से लगातार करते आ रहे हैं। आरोप है कि इस बार प्रशासन ने उन्हें संगम तट तक जाने से रोक दिया, जिसे कांग्रेस ने सनातन परंपरा का जानबूझकर किया गया अपमान करार दिया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि आस्था पर सीधा प्रहार है। राष्ट्रीय सचिव का आरोप है कि भाजपा अपनी राजनीतिक सुविधा के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## दुर्गूकोंदल में 700 किसानों का धान फंसा 150 टोकन कटा, 302 किसान को प्रतीक्षा

### धान खरीदी में बाधा से किसान परेशान पर समाधान नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत 15 नवंबर 2025 से धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, किंतु प्रारंभ से ही विभिन्न बाधाओं के कारण खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं हो सका। इससे क्षेत्र के सैकड़ों किसान आज भी अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हैं। जानकारी के अनुसार धान खरीदी के शुरुआती दो दिनों में अवकाश रहने के कारण खरीदी शुरू नहीं हो पाई। इसके बाद लैम्प्स कर्मचारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते 15 नवंबर 2025 से लेकर 21 जनवरी 2026 तक खरीदी कार्य बार-बार बाधित होता रहा। इन समस्याओं का सीधा असर किसानों पर पड़ा, जिनका धान अब भी खरीदी केंद्रों में नहीं पहुंच पाया है। आदिम जाति सहकारी समिति दुर्गुकोंदल के लैम्प्स प्रबंधक रवि वर्मा एवं धान खरीदी प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि दुर्गुकोंदल अंतर्गत खरीदी केंद्र में कुल 1572 कृषक पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक केवल 872 किसानों ने ही अपना धान विक्रय किया है। शेष 700 किसान अभी भी खरीदी की प्रतीक्षा में हैं, जिनमें से लगभग 150 किसानों का टोकन कट चुका है, जबकि करीब 302 किसानों का टोकन अब तक नहीं कट पा रहा है।सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि धान खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने में अब केवल 6 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में जिन किसानों का टोकन नहीं कटा है, उनका धान खरीदा जाना मुश्किल नजर आ रहा है। दुर्गुकोंदल सहकारी समिति से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अब तक कुल 47,252.80 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें से मात्र 5,880 क्विंटल धान का उठाव हो पाया है, जबकि 41,372.80 क्विंटल धान अभी भी खरीदी केंद्रों में जमा है। उठाव की धीमी गति के कारण भी खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

## यातायात विभाग ने लर्निंग लाइसेंस बनाने लगाया शिविर, युवाओं को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



वाहन चालन की जानकारी दी

सड़क पर एक छोटी-सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसी सोच के साथ कांकेर जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर यातायात पुलिस द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। अभियान के तहत जहां एक ओर लोगों को सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर विशेष शिविर लगाकर लर्निंग लाइसेंस बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जा रहे इन शिविरों में बड़ी संख्या में युवा एवं नए वाहन चालक पहुंच रहे हैं।

यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को सरल बनाते हुए दस्तावेजों का त्वरित सत्यापन किया जा रहा है, जिससे आवेदनों का शीघ्र निराकरण संभव हो पा रहा है। कम समय में लर्निंग लाइसेंस मिलने से आवेदकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे न केवल लोगों को सुविधा मिल रही है, बल्कि बिना लाइसेंस वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर भी रोक लगने की उम्मीद जताई जा रही है। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों के साथ-साथ आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं और राहगीरों को भी जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न चौक-चौराहों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रैफिक सिग्नल और सड़क संकेतकों के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यातायात पुलिस के अधिकारी पोस्टर, बैनर और पंपलेट के माध्यम से सरल भाषा में नियमों की जानकारी दे रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का प्रयास है। आम जनता के सहयोग से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का प्रयास है। आम जनता के सहयोग से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। नागरिकों से अव्हान किया कि वे नियमों का पालन करें, दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें और स्वयं एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

## अतिरिक्त स्थान के लिए भूसा उठवाने का प्रयास किया जा रहा

# नहरपुर के बादल लैंपस में धान परिवहन ठप जगह संकट से किसान एवं प्रबंधक हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत आने वाली आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बादल में धान उठाव की प्रक्रिया ठप होने के कारण क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समिति में समय पर धान का उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्र में जगह की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है, जिसके चलते किसान अपनी उपज बेचने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं।



समिति प्रबंधक सोनाराम नेताम ने बताया कि समिति परिसर में पहले से ही सीमित स्थान उपलब्ध है। धान का उठाव न होने के कारण गोदाम और खरीदी स्थल पूरी तरह भर चुके हैं, जिससे नए किसानों का धान रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। ऐसी स्थिति में किसान घंटों लाइन में लगने के बाद भी धान बेचने में असमर्थ होकर वापस लौटने को मजबूर हैं। समिति प्रबंधक ने बताया कि किसानों की समस्या को देखते हुए उन्होंने अतिरिक्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए भूसा उठवाने का प्रयास किया। इसके लिए वे जिला सहकारी बैंक नरहरपुर पहुँचे, ताकि भूसा खरीदी के भुगतान की व्यवस्था हो सके और समिति परिसर में जगह बढ़ाई जा सके। उनका आरोप है कि नरहरपुर जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक द्वारा भूसा खरीदी के लिए भुगतान नहीं किया गया। प्रबंधक का कहना है कि जब भी वे समिति के आवश्यक खर्चों या भूसा खरीदी के लिए राशि निकालने बैंक जाते हैं, तो उन्हें किसी न किसी बहाने से भुगतान नहीं किया जाता। भुगतान न मिलने के कारण भूसा हटाया नहीं जा सका, ▶▶| शेष पेज 12 पर

### बैंक की कार्यप्रणाली से समिति प्रबंधन परेशान

समिति प्रबंधन का सवाल है कि जब बैंक से समय पर भुगतान नहीं किया जाएगा, तो समिति अपने दैनिक खर्च, मजदूरी, भूसा खरीदी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ किस प्रकार करेगी। प्रबंधक ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए उच्च अधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है, ताकि धान उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके और किसानों को राहत मिल सके। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है, जिसका खामियाजा सीधे तौर पर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को भुगतना पड़ेगा।

## 26 लीटर कच्ची शराब जब्त दो कोचिया हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर और पखांजुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराब कोचिए को हाथ भट्ठी से बना हुआ महुआ शराब के साथ पकड़ा। दोनो आरोपियों के कब्जे से कुल 26 लीटर महुआ शराब को जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले की तस्दीक कर पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर आरोपी ओमप्रकाश पटेल को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 3 प्लास्टिक बाटल में 6 लीटर महुआ शराब कीमत 900 रूपएं को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था।

आरोपी संबलपुर कुम्हारपारा निवासी 32 वर्षीय ओमप्रकाश पटेल पिता स्व. चिंताराम पटेल के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वही पखांजुर पुलिस ने 20 जनवरी को मथुरा बाजार से पीव्ही 15 जाने वाली रोड किनारे आरोपी पीव्ही 15 गोविंदपुर निवासी 40 वर्षीय दिवाकर विश्वास पिता स्व. भागीरत विश्वास को पकड़ा गया। पुलिस को आता देख आरोपी अंधेरा का फायदा उठाकर छिपने का प्रयास कर रहा था।

आरोपी के कब्जे से हाथ भट्ठी से बना महुआ शराब 20 लीटर कीमत 3000 रूपएं व नगद 150 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**खबर संक्षेप**

## युवा संसद स्पर्धा में सेजेस चारामा तीसरे स्थान पर



**चारामा।** शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय धरमपुरा के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में पीएमश्री सेजेस चरामा के 36 विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट संसदीय कौशल का परिचय देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर डीईओ रमेश कुमार निषाद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू, प्राचार्य सीताराम सलाम, चंद्रशेखर यादव, दाऊ लाल तिवारी, नोरेन्द्र यादव ने समस्त स्टाफ और प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की सफलता के पीछे मार्गदर्शकों एवं प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इसमें जिला नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर एवं मार्गदर्शक शिक्षक आदित्य पुरी गोस्वामी, नोहर लाल देवांगन, हिना सिन्हा व विधि राठौर का विशेष योगदान रहा, जिनके कुशल मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की बदौलत छात्रों ने संभाग स्तर पर यह मुकाम हासिल किया।

## जेपरा विद्यालय में मोटिवेशनल कार्यशाला हुई

**चारामा।** विकासखंड चारामा के शाउमावि जेपरा में विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने मोटिवेशनल कार्यशाला का आयोजन किया गया। हमर लक्ष्य कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना, आत्मविश्वास बढ़ाना तथा बेहतर शैक्षणिक परिणामों के लिए प्रेरित करना रहा। जेपरा में 20 जनवरी को आयोजित कार्यशाला में हाई स्कूल करिहा, भिलाई, अरौद, कोटेला, हाराडूला, जेपरा, हल्बा एवं पंडरीपानी के विद्यार्थी तथा शिक्षको संबोधित करते हुए बीईओ केके गंजीर ने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से सफलता सुनिश्चित की जा सकती है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं व संचालित निर्माण कार्यों के प्रगति की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जिले में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से हो तथा निर्माण कार्यों में गति लाई जाए। उन्होंने गणतंत्र दिवस को गरिमामयी ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवसुनिश्चित करने एवं झांकी तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों को विशेष निर्देश दिए।.

**गणतंत्र दिवस के गरिमामयी आयोजन को लेकर दिए निर्देश**

### फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत, वयवंदन योजना, जनमन योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की गई।



### स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान अपार आईडी निर्माण एवं अन्य कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित बीईओ को कार्यों में तेजी लाने एवं अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के सख्त निर्देश दिए गए।

### धान खरीदी एवं उठाव कार्य की समीक्षा

*बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी की प्रगति एवं उठाव कार्य की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी पंजीकृत किसान धान विक्रय से वंचित न रहे। साथ ही उठाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लखपति दीदी पहल की प्रगति की जानकारी लेते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने पर जोर दिया। साथ ही दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रें में बीसी सखी के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ कोण्डागांव चुड़ामणि सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

**समस्या : अबूझमाड़ के ग्रामीण 50-60 किमी पैदल चलकर भी लौट रहे मायूस**

# ओरछा जनपद कार्यालय में अधिकारियों की गैरमौजूदगी से ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर



नारायणपुर जिले के ओरछा ब्लॉक मुख्यालय में जनपद पंचायत ओरछा का कार्यालय संचालित है। यह कार्यालय विशेष रूप से अबूझमाड़ क्षेत्र के दूरस्थ और पहुंचविहीन गांवों के ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यही उनके लिए सबसे नजदीकी प्रशासनिक केंद्र है। बावजूद इसके, जनपद कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों की लगातार गैरमौजूदगी ग्रामीणों की परेशानियों को और बढ़ा रही है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण कई-कई किलोमीटर पैदल चलकर यहां पहुंचते हैं, लेकिन काम नहीं होने पर उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ता है।

- जनप्रतिनिधियों ने वन मंत्री व कलेक्टर से की स्थायी पदस्थापना की मांग

अबूझमाड़ के कई गांवों से ग्रामीण अपने शासकीय कार्यों—जैसे राशन कार्ड, पेंशन, नाम जोड़ने या हटाने, प्रमाण पत्र आदि—के लिए 50 से 60 किलोमीटर का सफर पैदल तय कर ओरछा पहुंचते हैं। यह सफर उनके लिए न केवल शारीरिक रूप से कठिन होता है, बल्कि आर्थिक रूप से भी भारी पड़ता है। ओरछा पहुंचने के बाद यदि अधिकारी मौजूद न हों, तो उन्हें मजबूरी में 65 किलोमीटर दूर नारायणपुर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, जिससे समय, पैसा और श्रम तीनों का नुकसान होता है। रुकने, खाने-पीने और आने-जाने की व्यवस्था करना गरीब ग्रामीणों के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है।

जनपद पंचायत ओरछा के अध्यक्ष नरेश कोर्राम ने इस गंभीर समस्या को लेकर वन मंत्री केदार कश्यप और जिला कलेक्टर से मांग की थी कि जनपद पंचायत ओरछा के शासकीय कार्यालय को नियमित रूप से संचालित करने के लिए अधिकारियों की पदस्थापना ओरछा में की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में जनपद कार्यालय का अधिकांश कामकाज नारायणपुर जिला मुख्यालय से ही किया जा रहा है, जिसका खामियाजा अबूझमाड़ के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों के लिए बुधवार का दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी दिन ओरछा में साप्ताहिक बाजार लगता है। इस दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी रोजमर्रा की जरूरतों का सामान, शासकीय राशन लेने के साथ-साथ अपने शासकीय काम भी निपटाने आते हैं। लेकिन जब कार्यालय में अधिकारी ही मौजूद नहीं होते, तो उनके सारे प्रयास बेकार चले जाते हैं और काम जस का तस रह जाता है।

### निर्देश के बाद भी मनमानी

हालांकि जिला कलेक्टर द्वारा ओरछा मुख्यालय में सप्ताह में तीन दिन कार्यालय संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद अधिकारी अपनी मनमानी करते हुए जिला मुख्यालय से ही कार्यों का संपादन कर रहे हैं। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

### ग्रामीणों की पीड़ा

थूलथूली गांव से पैदल चलकर ओरछा पहुंचे श्यामलाल मंडावी ने बताया कि वे राशन कार्ड से नाम कटवाने जनपद कार्यालय आए थे, लेकिन यहां कोई भी अधिकारी या बाबू मौजूद नहीं मिला। अब उन्हें नारायणपुर जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब यहां कार्यालय है ही, तो उसका मतलब तभी है जब अधिकारी भी यहां मौजूद रहें। हर छोटे काम के लिए जिला मुख्यालय आना-जाना बहुत परेशानी भरा है, जिस पर सरकार को गंभीरता से कदम उठाना चाहिए।ग्रामीणों की मांग है कि ओरछा जनपद कार्यालय को वास्तव में सक्रिय बनाया जाए, ताकि अबूझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्र के लोगों को उनका हक और सुविधा अपने नजदीकी केंद्र पर ही मिल सके।

# चार दिनों से लापता युवक का गंगरेल डेम में तलाश की पर नहीं मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

बीरनपुर गांव का युवक का देवीनवागांव में मेला में हुए विवाद के बाद चार दिनों बाद कोई सुराग नहीं मिल पाया है। युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले ने गंभीर मोड़ ले लिया है। पुलिस जांच के दौरान संदिग्धों से की गई पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पूछताछ में सामने आया कि आपसी विवाद के चलते युवक की कथित रूप से हत्या कर दी गई और शव को पत्थर से बांधकर गंगरेल डेम में फेंक दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल गंगरेल डेम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। 20 जनवरी और 21 जनवरी को पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से डेम के विभिन्न हिस्सों में शव की तलाश की। घंटों चली मशक्कत के बावजूद युवक का शव बरामद नहीं हो सका। डेम का जलस्तर अधिक होने और पानी की गहराई के कारण खोज अभियान में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। संदिग्धों से लगातार पूछताछ जारी है और तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ अन्य सबूत भी जुटाए जा रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि सर्च ऑपरेशन आगे भी जारी रहेगा और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

युवक का शव अब तक नहीं मिलने से बीरनपुर सहित आसपास के गांवों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र होकर जल्द से जल्द शव बरामद करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि युवक परिवार का मुख्य सहारा था और उसकी हत्या की खबर से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खोज अभियान को और तेज किया जाए तथा दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाई जाए।

# मारपीट के आरोप में तीन गिरफ्तार कोतवाली पुलिस की फौरन कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में सिटी कोतवाली पुलिस ने एक बार फिर तत्परता का परिचय देते हुए अभद्र, अश्लील गाली-गलौच एवं मारपीट के मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का सशक्त संदेश गया है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सुजीत विश्वकर्मा पिता हरे शर्मा, निवासी बरदेभाटा ने थाना सिटी कोतवाली कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 5 जनवरी को आरोपियों द्वारा थाना में उनके खिलाफ क्यू-रिपोर्ट किए जाने की बात को लेकर उनसे अभद्र एवं अश्लील गाली-गलौच की गई। पुलिस ने धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों त्रिलोक यादव उर्फ किशन यादव, पिता जेठू राम, उम्र 32 वर्ष, निवासी आमापारा, कन्हैया यादव, पिता जेठू राम, उम्र 32 वर्ष, निवासी आमापारा और लक्ष्मीनारायण यादव, पिता लगनू राम, उम्र 48 वर्ष, निवासी आमापारा को गिरफ्तार किया। संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण आशंका को देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 170/126(2), 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें एसडीएम न्यायालय, कांकेर में पेश किया गया।

सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र साहू के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, प्रधानर आरक्षक जीवधन यादव, आरक्षक पुरन साहू एवं थाना पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ ने कार्यपालक निदेशक को बताई समस्याएं



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज कार्यालयीन कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक से उनके कार्यालय में मुलाकात करते हुए समस्याओं को अवगत कराया गया।

संघ ने बस्तर क्षेत्र में कार्यरत बिजली कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद कर्मचारी निरंतर सेवाएं दे रहे हैं, किंतु प्रशासनिक एवं व्यवहारिक स्तर पर उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए कर्मचारी संघ ने क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक को एक पत्र सौंपते हुए द्विपक्षीय वार्ता के लिए समय निर्धारित करने की मांग किया। संघ का कहना है कि सीधी वार्ता के माध्यम से कर्मचारियों की पदोन्नति, आवास व्यवस्था, कार्यस्थितियों तथा अन्य कल्याणकारी मुद्दों का बेहतर समाधान संभव है। बैठक के दौरान क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक ने संघ की बातों को गंभीरता से सुना और कर्मचारी हितों के प्रति संवेदनशीलता जताई। उन्होंने आश्वस्त किया कि समस्याओं के निराकरण के लिए शीघ्र ही चर्चा का समय तय किया जाएगा, ताकि सकारात्मक परिणाम सामने आ सकें। कर्मचारी संघ के प्रमुख पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। संघ को उम्मीद है कि द्विपक्षीय संवाद के माध्यम से बस्तर क्षेत्र के बिजली कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान निकलेगा।



## कुआंपानी में शहीद गेंद सिंह की स्मृति प्रो कबड्डी कराठी ने जीती

**भानुप्रतापपुर।** शहीद गेंद सिंह की स्मृति में ग्राम कुआंपानी में आयोजित प्रो कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबला कराठी एवं पेंवारी के मध्य खेला गया, जिसमें कराठी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत पारंपरिक नृत्य एवं गरिमामय आतिथ्य के साथ किया गया, जिससे आयोजन का वातावरण उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा से भर गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कबड्डी को भारत का प्राचीन एवं पारंपरिक खेल बताते हुए कहा कि यह खेल शारीरिक सामर्थ्य, फुर्ती, रणनीति और साहस का प्रतीक है तथा ग्रामीण अंचलों में युवाओं को अनुशासन और टीम भावना से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कराठी एवं पेंवारी के मध्य खेला गया, जिसमें कराठी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय रही। अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कृत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। अतिथियों ने कहा कि शहीदों की स्मृति में इस प्रकार के खेल आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी नरेटी, गुरपाल रंधावा, धर्मेंद्र रावटे, ढालन सिंह राणा, वाल्मीकि पुजारी, सुमित पुजारी, नंदकुमार कश्यप, थानेश यादव व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# विशेष एवं सामान्य बच्चों के लिए वातावरण निर्माण प्रशिक्षण हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में समग्र शिक्षा, समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों तथा सामान्य बच्चों के लिए एकदिवसीय विकासखंड स्तरीय वातावरण निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सद्भावना भवन दुर्गुकोंदल एवं कार्यालय खंड स्त्रोत समन्वयक दुर्गुकोंदल के सभा कक्ष में आयोजित कार्यशाला में डॉ. चंदन बैरागी ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा मौसम परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने के लिए प्रेरित किया। खंड स्त्रोत समन्वयक ने बच्चों को आगामी परीक्षाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने निरंतर अध्ययन की महत्ता बताते हुए पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर शैलेंद्र कुमार साहू, स्पेशल एजुकेटर अंतागढ़ ने दिव्यांगता की परिभाषा, उसके विभिन्न प्रकारों तथा दिव्यांग बच्चों को होने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुभव कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार कोमा, जोहन गावड़े, संकरी मलिक, जागृति ध्रुव, आशीष साहू, प्रहलाद जैन सहित अन्य प्रशिक्षणार्थियों एवं शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

**राजिम में मराठा समाज का भव्य आयोजन, रजत जयंती पर राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन**

# जीजा माता के संस्कारों से ही भारत में हुआ हिंदुत्व का पुनरुत्थान : रूपकुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

छत्तीसगढ़ मराठा समाज रायपुर के मार्गदर्शन में जिला मराठा समाज राजिम जिला गरियाबंद के तत्वावधान में धर्म नगरी राजिम में मातंर्ड मल्हारी खंडोबा और आई तुलजा भवानी मंदिर के रजत जयंती स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्तरीय विवाह योग्य मराठा युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2026 और युवक-युवती परिचय पत्रिका के साथ ही 53 वें श्री खंडोबा वार्षिक उत्सव रतनपुर जिला बिलासपुर के पत्रिका का विमोचन किया गया।

- 53वें श्री खंडोबा वार्षिक उत्सव पत्रिका का भी हुआ विमोचन
- खंडोबा–तुलजा भवानी मंदिर स्थापना दिवस पर सामाजिक एकजुटता का संदेश



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को याद करतें हुए बताया कि उनकी मां जीजा माता ने एक आदर्श गुरु के रूप में धर्म नीति और संस्कार के बीज बचपने में ही उन्हें दिए जिसके कारण भारत में हिन्दवी साम्राज्य के तहत सनातन धर्म का पुनरूत्थान हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं और युवक-युवतियों की सक्रिय भागीदारी की प्रसंशा करते हुए फिजूल खर्ची से बचने और विचारों की सम्पन्नता बढ़ाने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ मराठा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राघोबा महाड़िक ने बताया कि मातंर्ड मल्हारी खंडोबा और आई तुलजा भवानी के मंदिर की स्थापना 1990 से लेकर 2026 के मराठा समाज के सफर में मराठा समाज के सदस्यों का अतुलनीय योगदान रहा जिसके लिए छ.ग. मराठा समाज प्रति स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन समाज के कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना और सक्रिय भागीदारी करना जीवंतता को करता प्रदर्शित करता है।

**ये रहे उपस्थित**-कार्यक्रम में लोकेश गायकवाड़, शंभा जी घाटगे, राजेश महड़कि, दिनेश नलोड़े, अरुण घाटगे, विक्रम बाकरें, महेंद्र जाधव, सुरेन्द्र ड़ुकरें, लोकेश पवार, नीरज इंगले, संजय ढगे, प्रलय थिटे, राजेंद्र घाटगे, देवेंद्र इंगोले,ललित महाडिक, आदर्श राव शिंदे, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, तात्या राव शिंदे, मीता महाडिक, गंगोत्री पालकर, सोनल महाडिक, लक्ष्मी वाशिंग, सहित रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग मिलाई, जगदलपुर, कांकेर, कोरबा जिलों के समाज प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

## पेज 11 के शेष

### नगरपालिका की बिना...

गई। इसी तरह से अन्य 07 दुकानों की प्रीमियम राशि 7-7 लाख थी, उसमें से केवल एक लाख ज्यादा की बोली लगभग 8-8 लाख में बोली फायनल हो गई। दुकान मिलने वालों की जाँच कर दिए जाने पर बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हो सकता है। एक दुकान पार्षद के बेटे को मिल गई, नियमतः पार्षद के पति एवं बेटे को दुकान आवंटन का प्रावधान नहीं है। बोलीदार में जिनके नाम उल्लेखित है, उसमें कई बोलीदार उस दिन कांकेर जिला से बाहर थे। इससे यही लग रहा है कि इन दुकानों के बोली में बड़ा खेल हो गया था। यह खेल तब सामने आया जब एक दुकान के स्वरूप को बदलने का मामला हरिभूमि के संज्ञान में आया। दुकान के स्वरूप को बदलने का हरिभूमि में समाचार प्रकाशन होने के बाद कई लोगों ने गड़बड़ी किए जाने की कहानी हरिभूम के पास बताने पहुँचे।

### वेल्डिंग दुकान पर...

और कन्हैया यादव से आमना-सामना हो गया। दोनों ने सुजीत को रोककर उसके साथ मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां दीं और लोहे के पाइप से मारपीट शुरू कर दी। हमले में सुजीत को गर्दन और हाथ में चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिक शैलेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचा, आरोपियों ने दुकान मालिक के साथ गाली देते हुए मारपीट की, जिससे शैलेन्द्र सिंह को सिर, बाएं अंगूठे और दाहिने कंधे में चोटें आईं। मारपीट के दौरान सुजीत और शैलेन्द्र सिंह दोनों के मोबाइल फोन भी टूट गए।

शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2) , 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### प्रयागराज में शंकराचार्य...

अनुसार धर्म का उपयोग करती है और जो संत सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हैं, उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और शंकराचार्य की सुरक्षा व सम्मान की तुलना कर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। देशभर के संत समाज और विपक्षी दलों ने इसे सनातन धर्म पर चोट बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

### नहरपुर के बादल...

जिससे धान रखने की समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। इस पूरी स्थिति का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। किसान अपनी मेहनत से उगाई गई फसल लेकर समिति पहुँचते हैं, लेकिन जगह की कमी और अव्यवस्थाओं के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। कई किसानों का कहना है कि धान की बिक्री में देरी होने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं परिवहन और मजदूरी का अतिरिक्त खर्च भी बढ़ गया है।

## खबर संक्षेप

### किसानों को परेशान करना सरकार की मंशा : महेश

**सुकमा**। धान खरीदी को लेकर किसानों की परेशानी थमने का नाम नहीं ले रही है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि धान खरीदी शुरू होने के बाद से ही किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान केवल किसान नहीं, बल्कि देश का अन्नदाता है, लेकिन उसी अन्नदाता के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। कुंजाम ने कहा कि किसान अपनी मेहनत से उपजाए गए धान को खुशी-खुशी बेच भी नहीं पा रहा है। हालत यह है कि किसानों को धान बेचने के लिए सड़कों पर बैठने और आंदोलन करने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार अन्नदाताओं को सड़क पर लाकर संघर्ष के लिए मजबूर करती है, उसे नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। इससे बड़ा अन्याय किसानों के साथ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि किसान केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ही अन्न उत्पादन नहीं करता, बल्कि देश की सुरक्षा में तैनात जवानों से लेकर गरीब और अमीर तक, हर नागरिक का पेट भरने के लिए दिन-रात मेहनत करता है। ऐसे अन्नदाताओं के साथ यदि दुर्व्यवहार होता है, तो यह किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है।



जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, इसके बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हो रहा है। किसानों को कभी टोकन, कभी दस्तावेज और कभी दूसरे नियमों के नाम पर रोका जा रहा है। हर दिन नए-नए नियम बताए जा रहे हैं, जिससे किसान असमंजस और तनाव में हैं। उन्होंने बताया कि अब भी सैकड़ों किसानों का टोकन नहीं कट पाया है, जिससे उनकी बेचैनी बढ़ती जा रही है। कर्ज में डूबे किसानों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है, क्योंकि समय पर धान नहीं बिकने से उनकी आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं।

## निधन

### सुरेखा सामंत

**जगदलपुर**। शहर के सामंत सदन रोड स्थित सुभाष वार्ड निवासी स्व. काशीनाथ सामंत के तृतीय पुत्री सुश्री सुरेखा सामंत (57) का असमायिक निधन मंगलवार रात लगभग 11 बजे रायपुर में इलाज के दौरान हो गया। हार्टअटैक के बाद 5 दिन पहले उन्हें रायपुर के एक निजी अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए भर्ती किया गया था। मृतका को बुधवार सुबह 7 बजे जगदलपुर लाया गया। अंतिम यात्रा न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवास से सुबह 9.30 बजे मुक्तिधाम के लिए निकली। खड़गघाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे मां, दो भाई संजय सामंत,संदीप सामंत एवं 4 बहन शारदा महापात्र, डॉ.सुषमा झा, सरला रथ एवं सुमित्रा सामंत सिंह को पीछे छोड़ गई। वे वरिष्ठ पत्रकार अनिल सामंत की चचेरी बहन थी।



### राजकुमार नत्थानी

**जगदलपुर**। शहर के सुभाष वार्ड ब्राम्हणपारा निवासी राजकुमार नत्थानी (65) का मंगलवार की रात असमायिक निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे, उनका उपचार रायपुर के एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा था, जहां चिकित्सकों ने घर ले जाने की सलाह दी। बुधवार तड़के ढाई बजे अपने आवास में अंतिम सांस ली। बुधवार दोपहर साढ़े 3 बजे उनका अंतिम संस्कार प्रवीण वार्ड स्थित खड़कघाट मुक्तिधाम में किया गया। जहां परिवारजनों के अलावा समाज के लोग एवं गणमान्य नागरिक सम्मलित हुए। वे अपने पीछे पत्नी समेत 2 पुत्री, 3 पुत्र समेत नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गए।



# बस्तर पंडुम बना समरसता और संस्कृति का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं को समर्पित बस्तर पंडुम का आयोजन अत्यंत सफल एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक महोत्सव में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों एवं दर्शकों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए स्वच्छ, संतुलित एवं पौष्टिक भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई, जिससे सभी कलाकारों, ग्रामीण प्रतिभागियों एवं आगंतुकों ने संतोष व्यक्त किया। आयोजन समिति द्वारा भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं समयबद्ध वितरण पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों के साथ सामूहिक भोजन कर आपसी भाईचारे, समरसता एवं समानता का संदेश दिया। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का यह संवेदनशील एवं प्रेरणादायक कदम प्रतिभागियों के लिए उत्साहवर्धन का स्रोत बना।

■ प्रतिभागियों को मिला पौष्टिक भोजन, कलेक्टर, एसपी ने जनप्रतिनिधियों संग किया सामूहिक भोज



बस्तर पंडुम न केवल लोककला, नृत्य, गीत और परंपराओं के संरक्षण का सशक्त मंच बना, बल्कि सामाजिक एकता और प्रशासन जनसंपर्क का भी जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे बस्तर की पहचान और गौरव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला बताया। कुल मिलाकर, बस्तर पंडुम का यह सफल आयोजन सांस्कृतिक चेतना, जनसहभागिता एवं सकारात्मक प्रशासनिक पहल का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ।

## सोना राम ने कीटों के नुकसान से पाया निजात



**दंतेवाड़ा**। गीदम विकासखंड अंतर्गत ग्राम कटूलनार के निवासी सोना राम मुडामी उन किसानों में से हैं, जिन्होंने यह समझ लिया है कि आज के समय में खेती केवल हल चलाने का नाम नहीं है, बल्कि तकनीक, समझ और समय के साथ चलने की कला है। इसी सोच के साथ उन्होंने सीमित भूमि में भी अधिक उत्पादन, कम लागत और सुरक्षित खेती का रास्ता चुना और 0.50 हेक्टेयर में बहुफसली जैविक मॉडल मुड़ामी द्वारा 0.50 हेक्टेयर क्षेत्र में मुख्य फसल के रूप में टमाटर लगाया गया है। इसके साथ-साथ जैविक पद्धति से मूली, लाल भाजी,पालक की मिश्रित खेती की जा रही है। इस बहुफसली मॉडल से भूमि का अधिकतम उपयोग हो रहा है। अलग-अलग समय पर फसल तैयार होने से नियमित आय प्राप्त हो रही है एक फसल खराब होने पर दूसरी फसल किसान को संभाल लेती है। ड्रिप सिंचाई पानी की बचत, उत्पादन में बढ़ोतरी खेती में ड्रिप सिंचाई प्रणाली अपनाकर यह सिद्ध किया है कि कम पानी में अधिक उत्पादन संभव पौधों को आवश्यकतानुसार नमी मिलती है, खरपतवार कम उगते हैं और फसल स्वस्थ रहते है। यह प्रणाली क्षेत्र के किसानों के लिए जल संरक्षण का सशक्त उदाहरण है। इसके साथ ही सोना राम मुड़ामी ने कीटों ने निजात पाने के लिए लाईट ट्रेप कीट नियंत्रण का स्मार्ट तरीका खोजा।

### कांग्रेस ने भाजपा पर जमकर बरसा

# जगतगुरू शंकराचार्य को स्नान से रोकना भाजपा का हिन्दू विरोधी चरित्र : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कांग्रेस ने प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। जिला कांग्रेस कमेटी दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को जिला अध्यक्ष सलीम रज़ा उस्मानी, महामंत्री मनीष भट्टाचार्य,महामंत्री व प्रवक्ता विमल सलाम, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विवेक देवांगन ने संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि खुद को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार हिंदु संतों का अपमान कर रही है । आज हालात यह हैं कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है पिछले 36 घंटे से अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक शंकराचार्य से बातचीत का कोई प्रयास नहीं किया गया। शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान है।

■ शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान





शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक अखंड परंपरा है, सरकार ने शंकराचार्य को स्नान से रोक कर सनातन परंपरा का अपमान किया है। सरकार पिछले 12 वर्षों से केंद्र में सत्ता में है और हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही सरकार शंकराचार्य एवं उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है, उनके शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि शाही स्नान जैसी सदियों पुरानी परंपरा को रोकने का दुस्साहस किसी सरकार को कैसे हुआ जबकि इस परंपरा को न मुगलों ने रोका था और न ही अंग्रेजों ने। एक ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड-प्लस सुरक्षा दी जाती है, वहीं दूसरी ओर शंकराचार्य के समर्थकों के साथ मारपीट की जाती है। शंकराचार्य को उनकी पालकी पर जाने तक की अनुमति नहीं दी जाती। उन्होंने सवाल किया कि क्या मोहन भागवत शंकराचार्य से बड़े हो गए हैं।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अपराध केवल इतना है कि वे कमियों पर सवाल उठाते हैं, सरकार की आलोचना करते हैं, अयोध्या में आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर आपत्ति जताते हैं, महाकुंभ में अव्यवस्थाओं और कोविड काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों का उल्लेख करते हैं। इसीलिए उनका अपमान करने पर तुली है।

# ग्रामीणों की समस्याओं की मांगों पर हुई त्वरित कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के अंतिम छोर तक के ग्राम पंचायतों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत मदाड़ी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने पहुंचकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभ प्रदान किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को सुविधाओं से जोड़ना रहा।

■ ग्राम मदाड़ी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

ग्राम मदाड़ी में हुए शिविर में आधार कार्ड अपडेट एवं इनरोलमेंट, श्रम कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड का वितरण के साथ-साथ गोद भराई कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 61 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें मलेरिया, बीपी एवं मधुमेह की जांच शामिल रही। शिविर में 3 आयुष्मान कार्ड बनाने के अलावा 5 आयुष्मान कार्ड ऑनलाइन प्रदान किए गए। इसके साथ ही महतारी वंदना योजना के अंतर्गत राशि आहरण कर हितग्राहियों को वितरित की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, सुमित भदौरिया, मदाड़ी सरपंच राजू, जनपद पंचायत सीईओ मुन्ना राम कश्यप एवं विभाग के विभागीय अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में केंद्रीय अधिकारियों का सघन निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त संचालक उमेश कुमार राम एवं सेक्शन अधिकारी पवन कुमार ने जनपद पंचायत भैरमगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदमा, सकनापल्ली एवं अड़ावली का विस्तृत निरीक्षण किया ।

■ केंद्र सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत का हुआ मूल्यांकन

निरीक्षण के दौरान मनरेगा अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य, अमृत सरोवर निर्माण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं हितग्राही मूलक डबरी निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण एवं प्रगतिरत आवासों का निरीक्षण किया तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सकनापल्ली में निर्माणाधीन सड़क का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मनरेगा के श्रमिकों एवं हितग्राहियों, पीएमएवाई के लाभार्थियों, एनआरएलएम एवं लखपति दीदी से सीधे संवाद कर योजनाओं से प्राप्त लाभों की जानकारी ली। लाभार्थियों ने योजनाओं से जीवन स्तर में आए सकारात्मक बदलाव की जानकारी साझा की।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सकनापल्ली में प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों से भी संवाद किया गया। अधिकारियों ने प्रशिक्षण को रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

निरीक्षण के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन, लाभार्थी संतुष्टि एवं विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का समग्र मूल्यांकन किया गया।

### मनरेगा बचाओ संग्राम, कांग्रेस की निर्णायक हुंकार

# गरीबों के अधिकार की लड़ाई तेज : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजनगर में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने की साजिशों, रोजगार के अवसरों में लगातार हो रही कटौती और मजदूरी भुगतान में देरी के खिलाफ जनता को जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के राजनगर पहुंचने पर ब्लॉक अध्यक्ष शिवराम बिसाई एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात आयोजित सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, मजदूर, ग्रामीणजन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि मनरेगा कोई सामान्य योजना नहीं है, यह गरीबों और मजदूरों का संवैधानिक अधिकार है भाजपा सरकार सुनियोजित तरीके से इस अधिकार पर हमला कर रही है रोजगार के दिन घटाए जा रहे हैं, मजदूरी का भुगतान महीनों तक लंबित रखा जा रहा है, ताकि गरीब हताश होकर इस योजना से दूर हो जाए कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी कांग्रेस हर गांव, हर मजदूर के साथ मजबूती से खड़ी है और मनरेगा को कमजोर करने की हर साजिश का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा।

बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनरेगा ने गांवों में रोजगार, सम्मान और आत्मनिर्भरता दी है लेकिन भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज मजदूरों को काम नहीं मिल रहा, और जो काम कर रहे हैं उन्हें समय पर मजदूरी नहीं दी जा रही यह सीधे-सीधे गरीबों के हक पर डाका है कांग्रेस मनरेगा बचाओ संग्राम के माध्यम से गांव-गांव जाकर जनता को सच्चाई से अवगत कराएगी और मजदूरों के अधिकार की लड़ाई को और तेज करेगी।

### 30 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या धाम के लिए रवाना





बीजापुर। छग शासन की श्री राम लला दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के 30 श्रद्धालुओं का एक दल सोमवार शाम अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं भक्ति का वातावरण देखने को मिला। यात्रा से पूर्व प्रभारी अधिकारी दिलीप उइके ने सभी श्रद्धालुओं को शुभ यात्रा की मंगलकामनाएँ देते हुए कहा कि यह योजना आम नागरिकों को भगवान श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्रदान करने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान अनुशासन एवं आपसी सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया।

# निषाद समाज ने निकाली भव्य कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भक्त शिरोमणि गुहा निषाद की जयंती के उपलक्ष्य में 18 जनवरी को बचेली और किरंदुल के निषाद समाज के लोगों ने लेबर कैंप से अम्बेडकर भवन तक कलश यात्रा निकाली, जिसमें बहुत अधिक संख्या में निषाद समाज के मातृशक्ति सम्मिलित हुई। साथ में अम्बेडकर भवन में भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी तथा विशिष्ट अतिथि राजू जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष उपस्थित रहे। उपरोक्त अवसर पर विधायक ने समाज के सेवा भाव और गौरवशाली परंपरा के विषय में सबका ध्यान आकर्षित किया। राजू जायसवाल ने समाज के लोगों को शुभकामनाओं सहित यथोचित सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर निषाद समाज के छोटे बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



# कांग्रेस का आरोप, शाही स्नान से रोकना सनातन पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर बस्तर में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने इस घटना को सनातन परंपरा और धार्मिक मर्यादाओं पर सीधा प्रहार बताते हुए भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य का कहना है कि शंकराचार्य पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं। यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड परंपरा से रोका गया। मौनी अमावस्या का शाही स्नान सदियों पुरानी परंपरा है, जिसे न मुगलों ने रोका और न ही अंग्रेजों ने, फिर आज किसी सरकार को इसे बाधित करने का दुस्साहस कैसे हुआ यह बड़ा सवाल है। मौर्य ने यह भी आरोप लगाया कि शंकराचार्य के समर्थकों के साथ मारपीट की गई,उनके शिष्यों को अपमानित किया गया।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष जागरुकता कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा**। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग ने 15 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्री-मेट्रिक कन्या हाई स्कूल भूसारास में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण सिंह नागेश एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी तनूजा बेलसरिया के निर्देश में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं को लैंगिक समानता, लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने तथा सही पोषण के लिए संतुलित आहार अपनाने, फोलिक एसिड टैबलेट, आयरन तथा कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों के महत्व पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए एनीमिया की रोकथाम और मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।





## खबर संक्षेप

### महिला अंडर-15 व अंडर-19 क्रिकेट चयन ट्रायल 28 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा 2026-27 के लिए महिला अंडर-15 एवं अंडर-19 वर्ग की क्रिकेट खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। संघ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार महिला अंडर-15 वर्ग में वही खिलाड़ी पात्र होंगी जिनका जन्म 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के मध्य हो, जबकि महिला अंडर-19 वर्ग के लिए जन्म 1 सितंबर 2007 या उसके बाद निर्धारित की गई है। प्रत्येक वर्ग से केवल 15 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है, जो जिला क्रिकेट संघ के माध्यम से किया जाएगा। ट्रायल नवागांव क्रिकेट ग्राउंड में 28 जनवरी को सुबह 9 बजे किया जाएगा।

### लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

**कांकेर।** जिलें में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के अंतर्गत सभी शासकीय कार्यालयों एवं निजी कार्यालयों में जाकर महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में जनजागरूकता एवं प्रचार प्रसार किया गया। ऐसे सभी कार्यालय जहॉ 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है।

### हाटकोंदल में माता पहुंचानी और वार्षिक मेला फरवरी में

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल में माता पहुंचानी 5 फरवरी को किया जाएगा। इसके पश्चात गांव में 6 एवं 7 फरवरी को वार्षिक मेला आयोजित होगा। सरपंच हरिषा मंडावी ने बताया कि माता पहुंचानी एवं वार्षिक मेला आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसे सफल बनाने गांव के सभी लोग मिलकर व्यवस्थाएं कर रहे हैं। 6 फरवरी की रात्रि 9 बजे से प्रसिद्ध नाचा रंगधारा छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच, गरियाबंद द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक कला की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में मनरेगा पर होगी चर्चा

**दुर्गुकोंदल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल द्वारा गुरुवार 22 जनवरी को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक दोपहर 12 बजे दुर्गुकोंदल स्थित विश्राम गृह में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि यह बैठक हेमंत ध्रुव के प्रभार में संपन्न होगी, जिसके नेतृत्व में एकदिवसीय कांग्रेस पार्टी संगठन के गठन एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक का प्रमुख उद्देश्य नरेगा बचाव अभियान तथा क्षेत्र में कार्यरत मनरेगा कर्मियों से मेल-मिलाप को लेकर चर्चा करना है। बैठक में दुर्गुकोंदल ब्लॉक अंतर्गत सभी बूथ, मंडल एवं सेक्टर प्रभारी शामिल होंगे। इसके साथ ही कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा किए जाने की संभावना है।

## निधन

### सहदूर राम मंडावी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के



आश्रित ग्राम आमापारा सिवनी निवासी सहदूर राम मंडावी का बुधवार को दोपहर आकस्मिक निधन हो गया, वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम आमापारा सिवनी में किया गया।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया पदभार ग्रहण व भाजपा ने की आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नव-नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नगर में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस ऐतिहासिक अवसर पर शाम के समय नगर के प्रमुख चौक पर भव्य आतिशबाजी कर भाजपा कार्यकर्ताओं ने 21 जनवरी को अपनी खुशी का इजहार किया। पार्टी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, युवा साथियों एवं समर्थकों ने एक-दूसरे को मुँह मीठा कराकर बधाइयाँ दीं और भारतीय जनता पार्टी ज़िंदाबाद के नारों के साथ संगठन की एकता और मजबूती का संदेश दिया।

## मिठाइयां बांटी, बधाइयाँ दीं और भाजपा ज़िंदाबाद के नारे लगाकर एकता का संदेश दिया

### युवाओं में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला



राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी एवं अमित शाह जी जैसे राष्ट्रीय अध्यक्षों के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हुई। उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का दायित्व अब नितिन नबीन के सक्षम और ऊर्जावान नेतृत्व में और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ेगा। इस उत्सव में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। युवा साथियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ आतिशबाजी, नारेबाजी एवं आपसी मिठास बांटकर इस खुशी को साझा किया। युवाओं में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला, जो आने वाले समय में संगठन को नई दिशा और गति प्रदान करेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, प्रदेश किसान मोर्चा प्रचार प्रसार प्रमुख नरोत्तम चौहान, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास एवं गिरधारी नरेटी, अल्पसंख्यक जिला महामंत्री गुरपाल रंधावा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश तिवारी पूर्व जिला कार्यालय मंत्री ठाकुर रत्नेश सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के लक्ष्मण कुलदीप, धर्मेंद्र रावटे प्रेम शर्मा, गौरव श्रीवास्तव,राहुल साहू, छत्रपाल यदु, कनक सिंह राजपूत, रोमित पटेल, रोहित चक्रवर्ती, धर्म कश्यप, ऋषभ देवांगन, क्रिश शर्मा, गणेश आंचला, कन्हैया पटेल, अंकुर दास, सुभाष कोठारी, मनीष विश्वास एवं अन्य उपस्थित रहें।

नितिन नबीन ने मात्र 45 वर्ष की आयु में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व संभाला है। उनका यह दायित्व ग्रहण करना संगठन में युवा नेतृत्व के प्रति विश्वास, समर्पण और भविष्य की सुदृढ़ रणनीति को दर्शाता है। उनके नेतृत्व से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और संगठन के प्रति और अधिक समर्पण का भाव जागृत हुआ है। कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम के अवसर पर देश के शीर्ष नेतृत्व की गरिमामयी उपस्थिति रही। भारतीय जनता पार्टी का इतिहास राष्ट्रभक्ति, विचारधारा और संगठनात्मक संघर्षों से समृद्ध रहा है। जनसंघ काल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित वैचारिक नींव, पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत तथा अटल बिहारी वाजपेयी जी और लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में पार्टी ने राष्ट्रीय राजनीति में एक मजबूत स्थान बनाया।

## अभियान : ग्रामीण महिलाएं, युवक और बच्चे हुए उत्साहित

# रजत जयंती पर जल संरक्षण का जनआंदोलन गांव-गांव पहुंचा, स्वच्छ जल का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के अवसर पर जिले में जल जीवन मिशन के तहत चलाया जा रहा जल गुणवत्ता परीक्षण एवं जल संरक्षण जनजागरूकता अभियान अब एक व्यापक जनआंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। गांव-गांव तक सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में ग्रामीणों, महिलाओं, जल बहिनियों और स्कूली बच्चों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

माटवाडा मोदी एवं आतुरगांव में जल बहिनी, ग्रामवासियों तथा स्कूल के बच्चों की सहभागिता से जल गुणवत्ता परीक्षण एवं जल संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा जल गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले प्रमुख तत्वों जैसे प्रदूषण, गंदगी, असुरक्षित जल स्त्रोतों तथा इनके दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही इनसे बचाव के व्यावहारिक उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों और बच्चों को जल के महत्व, जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ पेयजल के नियमित उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में सरल भाषा में समझाया गया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण रहा, जिसमें ग्रामीणों को स्वयं अपने पेयजल की जांच करने की विधि सिखाई गई। इससे ग्रामीण जल जनित बीमारियों से बचाव के प्रति अधिक जागरूक हुए। स्कूली बच्चों को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाते हुए उन्हें विशेष शपथ भी दिलाई गई। शपथ के माध्यम से बच्चों ने बूंद-बूंद जल बचाने, जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने, जल संसाधनों की उचित देखभाल करने, जल को ग्राम की सामूहिक संपत्ति मानने, जल कर का नियमित भुगतान करने तथा भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए सोख्ता गड्ढा निर्माण और पौधारोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद कर जीवन में जल की महत्ता को रेखांकित किया गया तथा जल संरक्षण हेतु सामूहिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के संदेश को अपनाने का संकल्प लिया।

**जिले के सभी ग्रामों में रथ करेगा भ्रमण**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन राणा ने बताया कि यह जागरूकता अभियान एवं प्रचार रथ आगामी दिनों में जिले के अन्य ग्रामों में भी भ्रमण करेगा और लोगों को जल संरक्षण व जल संवर्धन के प्रति निरंतर जागरूक करता रहेगा। कार्यक्रमों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रचार रथ ने गांव का किया भ्रमण

इच्छापुर में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल स्त्रोतों के संरक्षण, साफ-सफाई, जल गुणवत्ता परीक्षण एवं जल संरक्षण से संबंधित जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रचार रथ के माध्यम से गांव में भ्रमण कर ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल, जल गुणवत्ता जांच, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया। प्रचार रथ द्वारा जल जीवन मिशन की योजनाओं, उनके लाभों, हर घर नल से जल योजना, घरेलू नल कनेक्शन, जल गुणवत्ता, स्रोत संवर्धन, जल कर की उपयोगिता तथा पेयजल संरचनाओं के रखरखाव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। ऑडियो-वीडियो माध्यमों एवं प्रचार सामग्री के जरिए स्वच्छ पेयजल के स्वास्थ्य लाभों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

# वन विभाग की कार्यशाला में ग्रामीणों को किया वन संरक्षण प्रति जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

वन परिक्षेत्र भानुप्रतापपुर के तत्वावधान में बुधवार को संबलपुर के साप्ताहिक बाजार स्थल पर वनों के संरक्षण और अग्नि सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह से ही विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर बाजार आने वाले ग्रामीणों को वनों के महत्व और उन्हें आग से बचाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वनों को ग्रीष्मकाल में लगने वाली आग से सुरक्षित रखना था। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया कि वनों में आग लगने से न केवल बेशकीमती लकड़ियाँ जलकर राख हो जाती हैं, बल्कि छोटे पौधे और वन्यजीवों को भी भारी नुकसान पहुँचता है। विभाग ने अपील की कि यदि कहीं भी वनों में आग लगने की घटना दिखे, तो इसकी सूचना तत्काल वन विभाग के कर्मचारियों को दें ताकि समय रहते उसे नियंत्रित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने मानव जीवन में पेड़ों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वनों के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना करना असंभव है।

ग्रामीणों को वनों की अवैध कटाई रोकने और नए पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित पर्यावरण को केवल वनों के विस्तार से ही सुधारा जा सकता है। इस जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वन विभाग के आला अधिकारियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम सरपंच अनिता रावटे, गौरव चोपड़ा, डीएफओ ऋषभ जैन, आईपी गैंदले, रेंजर पंकज पटेल, डिप्टी रेंजर मुकेश निषाद, छबि लाल कुमेटी एवं वन विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# शहीद गैदसिंह का शहादत दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम मेटाघमरे में परालकोट क्षेत्र के प्रसिद्ध जमींदार, स्वतंत्रता सेनानी एवं आदिवासी स्वाभिमान के प्रतीक शहीद गैदसिंह का शहादत दिवस आदिवासी समाज द्वारा श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर शहीद गैदसिंह के अतुलनीय बलिदान को स्मरण किया गया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत शहीद गैदसिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित जनसमूह ने उनके जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान तथा परालकोट विद्रोह में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शहीद गैदसिंह ने अंग्रेजी हुकूमत और शोषणकारी व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष कर आदिवासी समाज को जागरूक करने का कार्य किया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि शहीद गैदसिंह जैसे वीरों के त्याग और संघर्ष के कारण ही देश को स्वतंत्रता प्राप्त हुई। उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों, संस्कृति और सम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। ऐसे आयोजन न केवल शहीदों की स्मृति को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास से जोड़ने और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने का कार्य भी करते हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मेटाघमरे के सरपंच मनेसिंह सलाम, उपसरपंच हीरोतीन सलाम, सर्व आदिवासी समाज सर्कल कोंडे के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, नंद कुमार गुरुवार, सामाजिक कार्यकर्ता मानसून आचला सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# साक्षरता के लक्ष्य के लिए 26 को जिले के प्रत्येक ग्राम में उल्लास मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जिले में समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को अपने ब्लाक एवं संकुल में उल्लास मेरे की तैयारी के लिए बैठक आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। 26 जनवरी को जिले के प्रत्येक गांव में उल्लास मेला में शिक्षार्थियों और स्वयं सेवी शिक्षकों की संख्या की घोषणा जनप्रतिनिधियों के द्वारा की जाएगी।

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत उल्लास मेले का आयोजन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जाना है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य 100 प्रतिशत साक्षरता को हासिल करना है। 15 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है। प्रत्येक गांव एवं वार्ड में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम प्रभारी, शिक्षक, नवसाक्षर, शिक्षित बेरोजगार, स्वयंसेवक और अन्य शासकीय आशासकीय अमला की टीम बनाकर घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य कराया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान अशिक्षित महिलाओं और पुरुषों को उल्लास मोबाइल ऐप के माध्यम से इंद्राज करना है और उल्लास ऐप में ऑनलाइन एंट्री की प्रतिदिन समीक्षा करनी है। सर्वेक्षण का डाटा जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कांकेर के द्वारा दिए गए प्रारूप में एकत्र किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सत्र 2025- 26 में 100 प्रतिशत साक्षरता हासिल करना है, जिसके लिए मार्च 2026 में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा ली जाएगी। कार्यक्रम का संचालन पुष्पांजलि ठाकुर जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कांकेर एवं शीतला प्रसाद पांडे संकुल समन्वयक जिला स्त्रोत व्यक्ति के द्वारा किया गया।

# जनपद स्तरीय बस्तर पंडुम में लोकपरंपरा और विरासत का दिखा आकर्षक संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

- दमकसा में शानदार आयोजन का ग्रामीणों ने लिया आनंद



बस्तर अंचल की समृद्ध लोकपरंपराओं, जनजातीय संस्कृति, कला तथा विरासत के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से जनपद स्तरीय बस्तर पंडुम का आयोजन ग्राम दमकसा में हुआ। कार्यक्रम में कुल बारह विधाओं में प्रदर्शन और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें जनजातीय नृत्य, लोकगीत, नाट्य, पारंपरिक वाद्ययंत्र, वेशभूषा, आभूषण, शिल्पकला, चित्रकला, पारंपरिक व्यंजन, वन-औषधि, देवगुड़ियों की परंपरा तथा अन्य विधाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से हम आदिवासी समाज की रीति-रिवाजों एवं संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आयोजन हमारे बच्चों को अपनी संस्कृति को गहराई से समझने, उसे संरक्षित करने तथा संवर्धित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम में जन्म, विवाह एवं मृत्यु तक के पारंपरिक गीतों तथा संस्कारों को प्रस्तुत किया जा रहा है।

जनजातीय समाज के कारण ही जल, जंगल और जमीन आज भी सुरक्षित बने हुए हैं तथा हमें सबको मिलकर इनके संरक्षण का दायित्व निभाना चाहिए। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की तथा जोर देकर कहा कि यह सामाजिक कार्यक्रम किसी भी प्रकार से राजनीति से प्रेरित नहीं होना चाहिए। ऐसे आयोजन नियमित रूप से होते रहने चाहिए। विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में चित्रकला में लतीफ गोयल मिचेसुखई, जनजातीय शिल्प में ओमप्रकाश डांगरा, वेशभूषा में पूनम मरकाम, जनजातीय आभूषण में जनिता मरकाम भंडारडिगी, जनजातीय नाट्य में नम्रता एवं साथी कोड़कुर्से तथा व्यंजन प्रदर्शन में कमला नरेटी शामिल रहीं। शेष सभी दलों तथा प्रतिभागियों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में गोडी धर्माचार्य शेरसिंह आचला, विकास राजू नायक, पीलम नरेटी, सविता उइके, दमकसा की सरपंच सुनिता बोगा, बसंती भालेश्वर, संतो दुग्गा, झाडूराम उयका, नंदकिशोर नेताम, रैनसिंह कोठारे, बृजलाल दुग्गा, पुनउ राम दुग्गा, संतोष दुग्गा, शिव चिराम, श्रीराम बघेल, कपूर सिंह हिड़को, कंवल सिंह दरों, विदे सिंह कल्लो सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# कोटवार के खिलाफ जारी धरना प्रशासनिक आश्वासन पर खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्सी में ग्राम कोटवार की कथित लापरवाही एवं भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन एवं अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल बुधवार को प्रशासनिक आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। यह आंदोलन पिछले 16 जनवरी से उप तहसील कार्यालय कोड़ेकुर्सी के सामने जारी था, जिसमें ग्रामीण शामिल रहे।

ग्रामीणों का आरोप था कि ग्राम कोटवार के विरुद्ध भ्रष्टाचार एवं कर्तव्य में लापरवाही से जुड़े तथ्य स्पष्ट रूप से दर्ज होने के बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों का धैर्य टूट गया और उन्होंने आंदोलन का रास्ता अपनाया। ग्रामीणों का कहना था कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा उचित निर्णय लिया जाता तो आंदोलन की स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। इस संबंध में ग्राम पंचायत कोड़ेकुर्सी की सरपंच साधना सहारे ने तहसीलदार दुर्गुकोंदल को ज्ञापन सौंपकर ग्राम कोटवार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। बावजूद इसके जब कोई निर्णय सामने नहीं आया और न ही जांच की स्थिति सार्वजनिक की गई, तब ग्रामीणों ने उप तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर एवं तहसीलदार कुलदीप ठाकुर स्वयं ग्राम कोड़ेकुर्सी पहुंचे। उन्होंने आंदोलनरत ग्रामीणों से प्रत्यक्ष चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र ग्राम कोटवार के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन और एसडीओपी शेर बहादुर सिंह की सकारात्मक पहल के बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें प्रशासन से न्यायोचित कार्रवाई की उम्मीद है और वे जांच प्रक्रिया पर नजर बनाए रखेंगे। इस पूरे घटनाक्रम में प्रशासन की सक्रियता से स्थिति शांतिपूर्ण ढंग से नियंत्रित हुई। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते संवाद स्थापित किया जाए तो ऐसे आंदोलनों से बचा जा सकता है। फिलहाल आंदोलन समाप्त होने से क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो गई है, वहीं अब सभी की निगाहें प्रशासन द्वारा की जाने वाली आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411